अज अदालत लेण्ड रेकर्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) शिवगंज

केम्प कोर्ट राष्ट्रीय लोक अदालत पीठासीन अधिकारी डॉ.नरेश सोनी R.A.S

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थी
सरपंच ग्राम पंचायत बडगांव		राज0 सरकार जरिये तहसीलदार शिवगंज

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

–:आदेश:– **प्रा0पत्र सं.– 02/2023**

दिनांक 11.02.2023

उक्त उनवान प्रकरण में प्रार्थी सरपंच ग्राम पंचायत बडगांव ने प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 विरूद्ध अप्रार्थी राज0 सरकार जरिये तहसीलदार शिवगंज के पेश कर निवेदन किया हैं कि प्रार्थी की मौजा बडगांव पटवार हल्का बडगांव तहसील शिवगंज के कुल खसरे 44 कुल क्षेत्रफल 350.7970 हैक्टयर है जिसमें से खसरा नम्बर 782/2 रकबा 1.5621 हेक्टेयर किस्म बारानी एवं खसरा नं0 783 रकबा 1.4731 हैक्टयर किस्म बंजर भूमि आई हुई स्थित हैं। उक्त विवादग्रस्त कृषि भूमि के नक्शों में सीमांकित किया गया क्षेत्रफल सही दर्ज नहीं होने से प्रार्थी ग्राम पंचायत बडगांव को उक्त खसरा संख्यां की कृषि भूमि उपयोग व उपभोग करने में असुविधा हो रही है। अतः उक्त विवादग्रस्त कृषि भूमि के राजस्व नक्शें में न्यायहित में शुद्धी किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रार्थी द्वारा पेश प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर तहसीलदार शिवगंज से रिपोर्ट चाही गई जिस पर तहसीलदार शिवगंज ने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य दस्तावेजो एवं मौका जांच अनुसार ग्राम पंचायत बडगांव के कब्जे एवं खातेदारी हक की कृषि भूमि मौजा बडगांव के खसरा नम्बर 782/2 रकबा 1.5621 हेक्टेयर किस्म बारानी एवं खसरा नं0 783 रकबा 1.4731 हैक्टयर किस्म बंजर भूमि आई हुई स्थित हैं। जिसमें ग्राम पंचायत बडगांव के उपरोक्त खसरे 783 रकबा 1.4731 हैक्टयर भूमि की मौका एवं रेकर्ड अनुसार खसरा नं0 783 का रकबा 1.4731 हैक्टयर पूरा है जबकि राजस्व नक्शे में कम अंकन (0.3804 हैक्टयर) ही है। तथा राजस्व नक्शे में खसरा नं0 782/2 के क्षेत्रफल 1.5621 से अधिक है। अतः उपरोक्त खसरा नं0 782/2 व 783 का रकबा राजस्व नक्शे में मौका एवं रेकर्ड अनुसार दुरस्त किये जाने को उचित बताया गया है।

पत्रावली आज दिनांक 11.02.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत केम्प शिवगंज में पेश हुई जिसमें दोनों पक्षकारान की आपसी राजीनामा से तहसीलदार शिवगंज द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित राजस्व नक्शें में तरमीम शुद्ध किये जाने की सहमति प्रदान की गई। हमने पत्रावली, संलग्न दस्तावेजों एवं तहसीलदार शिवगंज की रिपोर्ट का अवलोकन किया। लोक अदालत में प्रस्तुत राजीनामा, दस्तोवजी साक्ष्य एंव तहसीलदार शिवगंज की जॉच रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है।

प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार शिवगंज को प्रस्तावित नक्शे अनुसार **मौजा बडगांव पटवार हल्का बडगांव तहसील शिवगंज के खसरा नम्बर 782/2 व 783** की तरमीम शुद्धी किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। **स्वीकृत प्रस्तावित नक्शा आदेश का अभिन्न अंग माना जावे।** आदेश खुले न्यायालय सुनाया गया ।

यह आदेश आज दिनांक 11.02.2023 को लोक अदालत में मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2023.03.01 16:33:58 IST
Reason: SelfAttested

(डॉ. नरेश सोनी R.A.S)
लैण्ड रेकर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)
शिवगंज

98
11/2/2023

प्रतिलिपि पालनार्थ हेतु :–
तहसीलदार शिवगंज ।

लैण्ड रेकर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)
शिवगंज

उपखण्ड अधिकारी
शिवगंज (सिरोही)